आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 रविवार 07.07.2024

मुख्य समाचारः—

1— रायपुर के कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित प्रदेश स्तरीय कृषि सहकार सम्मेलन और सम्मान समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय।

2— सर्वोच्च न्यायालय में नीट—यूजी से संबंधित कई याचिकाओं पर कल होगी सुनवाई।

3— सुकमा जिले के जगरगुंडा थाना क्षेत्र से सुरक्षा बलों ने पांच माओवादियों को किया गिरफ्तार—बड़ी मात्रा में माओवादी सामग्री बरामद।

4— छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न स्थानों में आज निकाली जा रही है भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा।

मुख्यमंत्री—कार्यक्रम

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज रायपुर के जोरा स्थित कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित प्रदेश स्तरीय कृषि सहकार सम्मेलन और सम्मान समारोह में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने नमो ड्रोन दीदियों से मुलाकात की और ड्रोन का प्रदर्शन भी देखा। समारोह में कृषि मंत्री रामविचार नेताम और रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल भी मौजूद थे।

वहीं, मुख्यमंत्री आज रायपुर के सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में प्रदेश पंचायत सचिव संघ द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में भी शामिल हुए।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, महिला और बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े और दुर्ग सांसद विजय बघेल उपस्थित थे।

वन महोत्सव—पौधारोपण

कोंडागांव जिले के कोपाबेड़ा में वन महोत्सव का आयोजन किया गया। कोंडागांव वनमंडल द्वारा आयोजित इस महोत्सव में विधायक लता उसेंडी शामिल हुईं। इस मौके पर नीम, जामुन आम, साल, इमली और अमरूद के पौधे रोपे गए। कार्यक्रम में सुश्री उसेंडी ने कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' से चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत हम सभी एक पौधा अवश्य लगाएं और उसका संरक्षण करें।

गौरतलब है कि कोंडागांव वनमंडल द्वारा इस वर्ष लगभग दस लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

वहीं, गौरेला—पेंड्रा—मरवाही जिले में भी भारत स्काउट—गाईड जिला संघ और वनमंडल द्वारा 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें भारत स्काउट—गाईड से जुड़े स्कूली बच्चों ने पौधारोपण किया।

सर्वोच्च न्यायालय—नीट—यूजी

सर्वोच्च न्यायालय में नीट—यूजी से संबंधित कई याचिकाओं पर कल सुनवाई होगी। इनमें नये सिरे से परीक्षा कराने की मांग की याचिकाएं भी शामिल हैं। मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ के समक्ष छब्बीस याचिकाएं सुनवाई के लिए सूचीबद्ध हैं।

विद्यार्थियों ने अपनी याचिकाओं में नीट में कथित अनियमितताओं की एक अलग और स्वतंत्र जांच की मांग की है। बढ़ते नीट विवाद के बीच केंद्र ने सर्वोच्च न्यायालय में हलफनामा दाखिल किया है। केंद्र ने कहा है कि परीक्षा में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं के किसी भी सबूत के अभाव में नीट परीक्षा को दोबारा आयोजित करने की कोई आवश्यकता नहीं है। केन्द्र

ने यह भी तर्क दिया है कि नई परीक्षा से लाखों वास्तविक उम्मीदवारों के जीवन पर प्रतिकूल असर पड़ेगा।

एफएसएसएआई–खाद्य पदार्थ

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने पैकेटबंद खाद्य पदार्थों पर चीनी, नमक और संतृप्त वसा संबंधी जानकारी स्पष्ट अक्षरों में अंकित करने को मंजूरी दे दी है। यह निर्णय खाद्य प्राधिकरण की चवालीसवीं बैठक में लिया गया।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इस निर्णय का उद्देश्य उपभोक्ताओं को पोषक तत्वों की सही जानकारी देना है, ताकि वे अपने स्वास्थ्य के हित में निर्णय ले सकें। मंत्रालय ने यह भी कहा कि अधिसूचना के मसौदे को सार्वजनिक किया जाएगा ताकि, उस पर सुझाव और आपत्तियां प्राप्त हो सकें। खाद्य पदार्थों में निहित तत्वों की जानकारी सार्वजनिक करने से गैर–संचारी रोगों पर नियंत्रण में सहायता मिलेगी और लोक स्वास्थ्य को बढ़ावा मिलेगा।

माओवादी गिरफ्तार

सुकमा जिले के जगरगुंडा थाना क्षेत्र से सुरक्षा बलों ने पांच माओवादियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से हथियार, बारूद, टिफिन बम, डेटोनेटर और दवाइयों सहित बड़ी मात्रा में माओवादी सामग्री बरामद की गई है।

बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने बताया कि जगरगुंडा थाना क्षेत्र में सिंगावरम मोड़ के पास जिला पुलिस बल, डीआरजी और बस्तर फाईटर की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए पांच माओवादियों को गिरफ्तार किया। पकड़े गये माओवादियों को न्यायालय में पेश कर दिया गया है।

संपूर्णता अभियान

नीति आयोग द्वारा अपेक्षाकृत पिछड़े और दूरदराज क्षेत्रों के विकास में तेजी लाने के लिए देशभर में आकांक्षी जिलों और विकासखंडों में संपूर्णता अभियान शुरू किया गया है। इसी कड़ी में नारायणपुर जिले के कोहाकामेटा गांव में पंचायत स्तर पर संपूर्णता अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान के तहत नारायणपुर के दस और ओरछा के चार विकासखंडों में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इनमें स्वास्थ्य जांच, पोषण संबंधी जानकारी, कृषि तकनीकों का प्रदर्शन, महिला और बाल विकास के लिए योजनाएं और आजीविका सुधार के लिए जानकारी शामिल हैं।

वहीं, कोरबा जिले के कोरबा और पोड़ी–उपरोड़ा में भी कल संपूर्णता अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया ने कहा कि आकांक्षी ब्लॉक में संपूर्णता अभियान के सभी मानकों को सहभागिता से पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी नागरिकों को मिलना चाहिए। दोनों आकांक्षी ब्लॉकों में आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य शिविर और पोषण वाटिका स्टॉल लगाई गई। इसके साथ ही हितग्राहियों को चेक, मृदा परीक्षण कार्ड जैसे विभागीय योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

बिजली दर–कांग्रेस विरोध

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत विनियामक आयोग द्वारा बिजली की दरों में की गई आठ प्रतिशत की वृद्धि को लेकर प्रदेश कांग्रेस ने विरोध जताया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि बिजली दर में आठ प्रतिशत की बढ़ोतरी को राज्य सरकार को वापस लेना चाहिए। आम आदमी बिजली के दाम बढ़ने से परेशान है। श्री बैज ने कहा कि पिछले छह महीने में विद्युत सरप्लस वाला छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कटौती का केंद्र बन गया है। प्रदेश के अनेक

जिलों में पूरी रात बिजली कटौती हो रही है, जिससे आमजन के साथ ही किसान भी परेशान हैं, जो अपने खेतों में बिजली कटौती की वजह से समय पर पानी नहीं दे पा रहे हैं।

दुर्घटना

कांकेर जिले के ताड़ोकी इलाके में दो मोटरसाइकिलों के आपस में टकराने से तीन युवकों की मौत हो गई। वहीं, दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार यह हादसा बोंदानार गांव के पास उस समय हुआ, जब वरचे गांव की ओर से कुछ युवक एक मोटरसाइकिल में सवार होकर आ रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही अन्य मोटरसाइकिल से उनकी टक्कर हो गई। इस हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई। मृतक तीनों युवक कोयलीबेड़ा के रहने वाले बताए जा रहे हैं। घटना के बाद गांव में शोक की लहर है।

वहीं, जांजगीर–चांपा जिले के सारागांव थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में स्कूटी सवार एक युवक की मौत हो गई। मृतक युवक यूक्रेन में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहा था।

इधर, कोरबा जिले के हरदीबाजार थाना क्षेत्र में कार की टक्कर से सायकल सवार एक ग्रामीण की मौत हो गई।

इस्पात कंपनी–मजदूर मौत

दुर्ग जिले के हथखोज औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक इस्पात कंपनी में हुए हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई है। सूचना मिलते ही पुरानी भिलाई पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। इस घटना के बाद मृतक के परिजनों ने कंपनी प्रबंधन से पचास लाख रूपये मुआवजे की मांग की है। कंपनी के संचालक ने मृतक के दोनों बच्चों की पढ़ाई और स्वास्थ्य का खर्च उठाने का आश्वासन परिजनों को दिया है। वहीं, उसकी पत्नी को नौकरी और बच्चों के नाम पर तीन–तीन लाख रुपए की एफडी करने की बात कही है। लेकिन, कंपनी के प्रस्ताव पर परिजन और प्रबंधन के बीच सहमति नहीं बन पाई है।

रथयात्रा

आज देश के विभिन्न स्थानों में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली जा रही है। छत्तीसगढ़ में भी रथयात्रा का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। आज सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और दिनभर पूजा–अर्चना का दौर चलता रहा। इस मौके पर विभिन्न स्थानों में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा को रथ पर सवार कर यात्रा निकाली गई।

राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज रायपुर के गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर में आयोजित रथयात्रा महोत्सव में शामिल हुए। उन्होंने भगवान जगन्नाथ की पूजा–अर्चना कर देश और प्रदेशवासियों की सुख–समृद्धि की कामना की। इस मौके पर उन्होंने भगवान के प्रथम सेवक के रूप में छेरा–पहरा की रस्म निभाई। इस अवसर पर कृषि मंत्री रामविचार नेताम, सांसद बृजमोहन अग्रवाल और विधायक पुरंदर मिश्रा उपस्थित थे।

## मौसम

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में कल अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने या गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वहीं, एक–दो स्थानों पर अंधड़ चलने और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी के साथ ही दक्षिण छत्तीसगढ़ में भारी वर्षा होने की आशंका जताई गई है।

मौसम विभाग के अनुसार एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी और उससे लगे दक्षिण तटीय आंध्रप्रदेश के ऊपर बना हुआ है। वहीं, एक द्रोणिका दक्षिण–पश्चिम उत्तरप्रदेश से उत्तर–पूर्व असम तक विस्तारित है। इसके असर से प्रदेश में कुछ जिलों में बारिश का सिलसिला शुरू हो गया है।

## संक्षिप्त समाचार

– धमतरी जिले की अर्जुनी पुलिस और सायबर टीम ने दो अंतर्राज्यीय गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से लगभग सत्ताईस किलो गांजा बरामद किया है।

– भिलाई के मुर्गा चौक से पुलिस ने गांजा तस्करी के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसके पास से पांच किलो से अधिक गांजा बरामद किया गया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>